केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐ सरवणपवफ ॐ सरवणपवफ ॐ सरवणपवफ ॐ सरवणपवफ













































केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 4 ♦पृष्ठ 8+8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦10 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया



GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4 Adarsh Colony, Rudrapur


## बदरी-केदार के दर्शन को पहुंचे मुकेश अंबानी



देहरादून(उद संवाददाता)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी शुक्रवार सुबह विशेष विमान से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर कुछ समय रुकने के बाद वे दो हेलिकॉप्टरों के जरिए अपने सहयोगियों सहित बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। सुबह करीब 8:00 बजे मुकेश अंबानी का विमान देहरादून एयरपोर्ट पर उतरा, जहां से वह लगभग 8:30 बजे हेलिकॉप्टर के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए प्रस्थान कर गए।बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही मुकेश अंबानी ने भगवान श्री हरि नारायण प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुकेश अंबानी की केदारनाथ धाम एवं बदरीनाथ धाम में बड़ी आस्था है वे वह हर साल इन दोनों धामों में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। केदारनाथ (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सुपरस्टार रजनीकांत ने रुद्रपुर में किया विश्राम

रूद्रपुर। दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक और सुपरस्टार रजनीकांत अपनी वार्षिक आध्यात्मिक हिमालय यात्रा के तहत उत्तराखंड भ्रमण के बाद रुद्रपुर पहुंचे।



उन्होंने इससे पूर्व ऋषिकेश, बद्रीनाथ और अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित पांडवखोली में मौजूद महावतार बाबा की गुफा में ध्यान साधना की। रजनीकांत ने रुद्रपुर के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में रात्रि विश्राम किया। जिसके बाद वे पंतनगर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। हालांकि उनके रुद्रपुर आगमन की खबर आम जनता और प्रशंसकों तक नहीं पहुंची बावजूद इसके, पुलिस और प्रशासन द्वारा होटल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। जानकारी के अनुसार रजनीकांत 5 अक्टूबर से उत्तराखंड की आध्यात्मिक यात्रा पर थे। हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने 15 दिन के एकांत साधना के लिए हिमालयी क्षेत्र का रुख किया। यात्रा की शुरुआत उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाानकसागर डैम में लकड़ी निकालने गए युवकों पर चलाई गोली

**गोली लगने से एक घायल ग्रामीणों ने ठेकेदार के कर्मचारियों को पुलिस के हवाले किया**



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकसागर डैंम में बहाव में आई लकड़ी निकालने गए युवकों पर वोट सवार मछली ठेकेदार के कर्मचारियों गोली चला दी। जिससें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ठेकेदार के कर्मचारियों को युवकों ने मौके से पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, वही पुलिस पकड़े गए ठेकेदार के कर्मचारियों से पुछताछ कर रही है। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों ने प्रात: थाने में पहुंचकर ठेकेदार के कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार गुरूवार शाम नानकसागर डैम किनारे ग्राम बरकीड़ाडी के युवक मन्दीप सिंह पुत्र गुरदीप सिंह अपने साथ गुलजिन्द्र सिंह कुलविद्र सिंह पुत्र गज्जन सिंह के साथ डैम में बह कर आ रही लकड़ी निकालने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान नानकसागर डैम में वोट नाव से गश्त कर रहें मछली ठेकेदार के कर्मचारियों ने लकड़ी निकाल रहें मन्दीप सिंह उम्र 19 वर्ष पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे मंदीप घायल हो गया। फायर की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए जिन्होंने ठेकेदार के दोनों कर्मचारियों को पकड़ लिया। इस दौरान कर्मचारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## धान खरीद बंद होने पर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन



गदरपुर(उद संवाददाता)। नवीन अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में धान की 126 किस्म की खरीद आढ़ती एजेंसियों द्वारा अचानक बंद कर दी गई है, जिससे स्थानीय किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।धरने के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मांग की है कि धान की खरीद तत्काल प्रारंभ की जाए ताकि किसानों की उपज मंडी में सही मूल्य पर बिक सके।इस मौके पर कुमायूं मंडल के महासचिव विक्रम सिंह गौराया ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं अत्याचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और आढ़ती एजेंसियों ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।भाकियू नेताओं ने कहा कि मंडी में बैठे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार और संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## 25.34 ग्राम स्मैक सहित तस्कर दबोचा

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्मैक की तस्करी में लिप्त तस्कर को पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार स्मैक तस्कर की सोशल मीडिया



पर एक वीडियो वायरल हुई थी। जिसमें आरोपी कथित रूप से एक महिला के साथ स्मैक की पुड़िया बनाता हुआ नजर आ रहा हैं। इस मामले में जांच की गई तब वायरल वीडियो करीब डेढ़ वर्ष पुराना बताया गया। हालांकि पुलिस ने वायरल आरोपी को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर नशा माफिया की कमर तोड़ दी है। पुलिस टीम ने रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान इंटर कॉलेज मैदान के पास से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के (शेष पृष्ठ 7 पर)

## तलाकशुदा को नौकरी देकर जिम संचालक ने किया दुष्कर्म

**कई बार करा चुका गर्भपात,अश्लील वीडियो वायरल करने की देता है धमकी**

काशीपुर। पटेल नगर में जिम चलाने वाले एक शख्स ने तलाकशुदा महिला को मैनेजर की नौकरी देकर भरोसे में लेने के बाद कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ अचेतवस्था में दुष्कर्म को अंजाम दे डाला। पीड़िता के विरोध करने पर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपी एवं उसके साथियों से पीड़िता को जान का खतरा बना है। पीड़िता ने जिले के एसएसपी व कोतवाल को मामले की तहरीर भेज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। घटना के बारे में पुलिस के अधिकारियों को तहरीर देकर आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी तलाकशुदा महिला ने बताया कि वर्ष 2024 के अप्रैल माह में पटेल नगर स्थित जिम चलने वाले एक व्यक्ति ने उसे अपनी जिम में प्रबंधक के रूप में नौकरी दी। पीड़िता ने बताया कि इसी वर्ष 11 जुलाई की दोपहर 2 बजे के लगभग जिम संचालक ने जिम में लगे सभी कैमरों को ऑफ करने के बाद कोल्ड ड्रिंक पीने को दिया। कोल्ड ड्रिंक पीने के कुछ देर बाद ही वह अचेत हो गई। पीड़िता का आरोप है कि अचेवस्था में जिम संचालक ने उसके साथ मनमानी की। होश आने पर उसने खुद को नग्नावस्था में पाया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया और कानूनी कार्यवाही करने की बात की तो उसे आरोपी द्वारा घटना के वक्त बनाई गई अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि डर और बदनामी की वजह से वह कानून की चौखट तक नहीं पहुंची इसी का फायदा उठाकर जिम संचालक लगातार उसके साथ मनमानी करने लगा।दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने बताया कि वह (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में घायल छात्र ने दम तोड़ा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बुधवार को लालपुर क्षेत्र में ट्रेक्टर ट्राली की टक्कर से घायल छात्र ने गुरूवार की देर सायं निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोाड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम कच्ची खमरिया लालपुर निवासी तनवीर बुधवार को अपने दो पुत्रों 16 वर्षीय मो. अलीशान व 12 वर्षीय उजैर को ट्यूशन के लिए बाईक पर ले जा रहा था। महराया रोड़ पर तनवीर बाईक सड़क किनारे खड़ी कर किसी काम के लिए गया। इसी बीच अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली (शेष पृष्ठ सात पर)

## इस दिवाली पर 'चार सौ चालीस वोल्ट' का झटका देगी बिजली

-अर्श-

**फ्यूल पावर परचेज कास्ट एडजस्टमेंट के तहत यूपीसीएल ने बढ़ाई बिजली की दरें, अक्टूबर माह के लिए छह पैसे से लेकर 26 पैसे प्रति यूनिट तक महंगी हुई बिजली**

रुद्रपुर। यदि आप इस दीपावली पर अपने आवास और आवास के आसपास के क्षेत्र को रंग बिरंगी झालर अथवा विद्युत चलित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से जगमग करने की योजना बना रहे हैं, तो जरा संभल के, क्योंकि इस दफा की दीपावली पर बिजली का ज्यादा खर्च करना आपकी जेब पर भारी पड़ने वाला है। वह इसलिए, क्योंकि बिजली महकमे ने फ्यूल पावर परचेज कास्ट एडजस्टमेंट के अंतर्गत अक्टूबर माह की विद्युत दर जारी करते हुए बिजली की दरों में 6 पैसे से लेकर 26 पैसे प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी कर दी है। दीपावली त्यौहार के ऐन कुछ हफ्तों पहले उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली दरों में की गई इस बढ़ोतरी से उत्तराखंड के लगभग 83 लाख विद्युत उपभोक्ता सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। लिहाजा इन उपभोक्ताओं का अक्टूबर माह का बिल बिजली बिल 26 रुपया से लेकर 104 रुपए तक बढ़ जाएगा। मजे की बात तो यह है कि बिजली महकमे ने बिजली की दरों में यह वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में बदलाव किए जाने के एक पखवाड़े से भी कम अवधि के भीतर ही कर दी है। यानी की केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव कर एक




ओर जहां आम लोगों को राहत देकर थोड़ी बहुत खुशी देने की कोशिश की, तो वहीं दूसरी ओर बिजली महकमे ने तुरंत बाद ही बिजली की दरों में वृद्धि करके उत्तराखंड के आम लोगों से वह खुशी छीन ली और केंद्र सरकार के बचत उत्सव के रंग को फीका कर दिया। ज्ञात हो कि उत्तराखंड में बाजार से बिजली खरीद की लागत अधिक आने पर उसका भार उपभोक्ताओं पर अगले महीने के ही बिजली बिल में डालने की व्यवस्था में लागू हो चुकी है। इस नई व्यवस्था में यदि बिजली खरीद की लागत अधिक होती है, तो उपभोक्ताओं से सरचार्ज के रूप में अतिरिक्त वसूली की जाती है, वहीं अगर बिजली खरीद की लागत कम होती है, तो उपभोक्ताओं को रिबेट का लाभ देते हुए बिजली बिल कम किया जाता है ।बताना होगा कि पिछले कई महीनों से बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों में सरचार्ज की मार पड़ रही है और यह सिलिसला अब अक्टूबर महीने में भी जारी रहेगा। अक्टूबर महीने में ये भार इसीलिए अधिक पड़ेगा, क्योंकि दीवाली के मौके पर बिजली उपभोक्ताओं का बिजली खर्च सामान्य महीनों की अपेक्षा बढ़ जाता है। ऐसे में इस बढ़े हुए बिजली खर्च का भुगतान भी उपभोक्ताओं को सरचार्ज के साथ करना होगा। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता कॉमर्शियल जसवंत सिंह के अनुसार अक्टूबर 2025 में उत्तराखंड में बिजली के बिलों में फ्यूल पावर परचेज (शेष पृष्ठ सात पर)


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
पुष्कर जैन
किरन जैन


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
आशीष जैन
हर्षिता जैन


अरुण तनेजा
रजनी तनेजा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
ज्योति सिंह
अजय विक्रम सिंह


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
गौरव अरोरा
सुहानी अरोरा


अमित कालड़ा
सोनिया कालड़ा


सीमा सब्बरवाल
गुलशन सब्बरवाल


नेहा वाही
राजन वाही


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
नवीन सैनी
करुणा सैनी


प्यार तेरा जो मिला है मुझको, दुःख सारे मिट गए,
हुआ खुशियों का आगाज, सदा बना रहे तेरा साथ
आहूजा परिवार की
ओर से करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव आहूजा
मोनिका आहूजा
अलका आहूजा
संजीव आहूजा
पूजा आहूजा
प्रदीप आहूजा
प्रेरणा आहूजा
गौरव आहूजा

# डीएम वंदना ने ग्राम सूपी में जनसुनवाई कर सुनी लोगों की समस्याएं

## कुमाऊं वाणी सामुदायिक रेडियो केंद्र , होम स्टे, सेब बागान और विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया





नैनीताल। जिलाधिकारी ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के भ्रमण के दौरान ग्राम सभा सूपी स्थित टेरी परियोजना स्थल पर संचालित कुमाऊं वाणी सामुदायिक रेडियो केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालकों से आवश्यक जानकारी लेते हुए कहा कि सामुदायिक रेडियो का बहुत महत्व है। रेडियो की प्रासंगिकता अलग कैसे हो इसे आधुनिक तकनीकी से जोड़ते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़े जाने हेतु कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक आसानी से पंहुचाने हेतु सामुदायिक रेडियो अच्छा माध्यम है, इस हेतु कृषि, उद्यान,ग्राम्य विकास सहित विभिन्न विभाग समय समय पर इस रेडियो के माध्यम से सरल भाषा में छोटी छोटी जानकारी ग्रामीणों को आसानी से उपलब्ध कराएं। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी को विभागों का एक रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम सूपी में जनसुनवाई कर क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा गांव में पेयजल की समस्या जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता की कमी, अधूरे कार्य किए जाने, पेयजल उपलब्ध न कराने संबंधित शिकायत रखी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को 10 दिन में क्षेत्र की पेयजल की समस्या के समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि अगर 10 दिन के भीतर पेयजल की समस्या का समाधान नहीं होता है तो संबंधित अवर अभियंता का वेतन रोका जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से कृषि एवं ऑद्यानिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी के साथ ही किसानों की समस्याओं को भी जाना। साथ ही जमतप परियोजना के अंतर्गत कृषि, ऑद्यानिकी आदि क्षेत मैं किए जा रहे शोध आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इन वैज्ञानिक संस्थाओं से समन्वय कर उनका सहयोग लेकर हाई वैल्यू फसलों का उत्पादन कराएं,ताकि किसानों को अधिकाधिक लाभ मिले। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा स्वेच्छिक चकबंदी की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि किसानों के साथ मिलकर क्षेत्र में स्वेच्छिक चकबंदी के लिए पहल की जाय। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र में जंगली जानवरों से खेती से हो रहे नुकसान से निजात दिलाने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को गांव में तारबाड़ करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। स्थानीय किसानों के उत्पादों के विपणन की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने लोगों को अवगत कराया कि इस समस्या के समाधान हेतु शीघ्र ही मंडी परिषद,कृषि विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक कर समस्या का समाधान किया जाएगा।इस दौरान क्षेत्र में स्थित विभिन्न होटल एवं होम स्टे संचालकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा फैंकने की शिकायत एवं कूड़े की समस्या पर जिलाधिकारी ने इसके समाधान हेतु गांव में ही स्वच्छता समिति का गठन कर समुचित व्यवस्था की बात कही और ऐसे होटल व होम स्टे संचालकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश जिला पंचायत, उपजिलाधिकारी एवं पर्यटन अधिकारी को दिए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न स्थानों में सार्वजनिक मार्गों में सरकारी भूमि में लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी के सम्मुख रखी, जिसपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में जहाँ जहाँ भी सरकारी भूमि व सार्वजनिक मार्गों में अतिक्रमण हुवा है उसे 10 दिन के भीतर हटाया जाय। उन्होंने कहा कि पटवारी द्वारा एक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा कि उनके क्षेत्र में कहीं भी सरकारी भूमि में अतिक्रमण नहीं हुआ है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सरकार की एप्पल मिशन के अंतर्गत बूढ़ीबना में खड़क सिंह एवं आनन्द सिंह द्वारा बनाए गए सेब के बागान का भी निरीक्षण करते हुए काश्तकार से जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा युवा आनन्द सिंह द्वारा कोरोना काल में घर वापस आकर किए जा रहे ओद्यानिक कार्य को रिवर्स पलायन का जीता जागता उदाहरण बताते हुए अन्य लोगों से भी सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुए स्वरोजगार को अपनाने हेतु प्रेरित किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने कसियालेख स्थित पीएम श्री इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली, इस दौरान विद्यालय में पेयजल व्यवस्था के समाधान हेतु अधिशासी अभियंता जल संस्थान को ट्यूबवेल या अन्य व्यवस्था से पेयजल सुचारु करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पठन-पाठन एवं विद्यालय के बेहतर संचालन को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी प्रधानाचार्य को राज्य स्थापना दिवस पर सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह अन्य विद्यालयों के लिए भी यह प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने विद्यालय में खेल मैदान एवं चहार दिवारी के निर्माण के संबंध में अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत कर कार्य करने के निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह कसियालेख में मुक्तेश्वर होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों द्वारा विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के सम्मुख रखी, जिसमें क्षेत्र में पेयजल की किल्लत, सड़क सुधारीकरण, कूड़ा निस्तारण की समस्या के साथ ही बिना पंजीकृत एवं अवैध रूप से संचालित होटल एवं होमस्टे के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की शिकायत की। इस संबंध में जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जल संस्थान के अधिकारियों को 10 दिन के भीतर क्षेत्र में पांच जो प्रमुख पेयजल योजनाएं निर्माणधीन जिनमें 90 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है जिससे 17 गांव को पेयजल से लाभान्वित होना है, का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सड़कों में पैच वर्क एवं हॉटमिक्स कार्य के संबंध में जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को हॉटमिक्स एवं पैचवर्क कार्य करने के साथ ही आवश्यक स्थानों में क्रैशबेरियर लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप जिन स्थानों में बैंड चौड़े होने हैं उसे भी कराया जाय। जिलाधिकारी ने क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन गतिविधियों को मद्देनजर विभिन्न स्थानों में छोटी-छोटी पॉकेट पार्किंग के निर्माण हेतु भी प्रस्ताव तैयार कर जिला प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से वह बिना पंजीकृत चल रहे होमस्टे एवं होटल का एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर अवैध रूप से चल रहे होटल एवं होम स्टे संचालकों के खिलाफ चालान एवं अन्य कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने रोड सेफ्टी के मद्देनजर क्षेत्र की सभी सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाय इस हेतु उप जिला अधिकारी,एआरटीओ सहित लोनिवि एवं पुलिस की टीम सामिल रहेगी। बैठक में व्यापारियों द्वारा भटेलिया में विगत 2 वर्षों से बंद पड़े हाईटेक शौचालय की संचालन की मांग रखी जिसपर जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को बंद पड़े शौचालय को शीघ्र ही जिला पंचायत के माध्यम से संचालित करने व आउटलेट्स को ग्राम्य विकास विभाग के महिला समूहों के माध्यम से संचालित कराए जाने हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीण भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने गांव सुनकिया में घस्यारी स्वयं सहायता समूह से मिले और घसियारी होमस्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चीड़ व निगाल से बने होमस्टे की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के होमस्टे से गांव में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही लोगों को स्थानीय रोजगार भी प्राप्त होगा। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को ग्रामीण इलाकों में बने होमस्टे के आसपास साइनेज, कूड़ादन सौर सौरऊर्जा लाइट लगाने के निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उप जिलाधिकारी धारी के एन गोस्वामी सहित कृषि,उद्यान, पशुपालन, लोनिवि, सिंचाई,पर्यटन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी,स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# ठुकराल ने कोली समाज के साथ बनाई चुनावी रणनीति



रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने रुद्रपुर के रम्पुरा क्षेत्र में कोली समाज के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें समाज के लोगों ने उन्हें एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारने का संकल्प लिया। बैठक में पहुंचने पर कोली समाज के लोगों ने पूर्व विधायक का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बोलते हुए राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कोली समाज उनके लिए केवल एक सामाजिक समूह नहीं, बल्कि उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि रम्पुरा क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने विधायक रहते हुए हर संभव प्रयास किए और भविष्य में भी वे इस क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बने रहेंगे। पूर्व विधायक ने वर्तमान जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब खोखले वादों और झूठे सपनों के जाल में नहीं फंसने वाली। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधायक के कार्यकाल को जनता ने नजदीक से देखा और परखा है, और अब भाजपा के बहकावे में आने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है और जनता समय आने पर इसका माकूल जवाब देगी। चुनावी रणनीति को लेकर उन्होंने कोली समाज के लोगों से अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड की जनता सत्ता परिवर्तन के मूड में है और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए आतुर है। ठुकराल ने दावा किया कि जनता का विश्वास उनके कार्यों और ईमानदारी पर है, और आने वाले चुनाव में यह जनसमर्थन एक नई तस्वीर पेश करेगा। इस बैठक में कोली समाज की ओर से केशव कोली, कमल कोली, अनूप कोली, अशोक कोली, रामनाथ कोली, यादराम कोली, राधे कोली, अनिल कोली, रामसेवक कोली, अर्जुन कोली, पोतीराम कोली, बुधसेन कोली, विशाल कोली, राहुल कोली, दीपक राणा, रमेश कोली, अजय कोली, अभय कोली, विजय कोली, प्रेमपाल कोली, चंद्रपाल कोली समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# 11 पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार शाम ट्रांसपोर्ट नगर से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 11 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में हल्द्वानी पुलिस और एसओजी टीम ने झलक बार के पास, नीम करौली प्रॉपर्टीज के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका चेकिंग के दौरान उसके पास से कुल 11 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नवीन कुमार सिंह पुत्र उदय शंकर सिंह, निवासी कुसुमखेड़ा, थाना मुखानी बताया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर नवीन के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा द्वारा किया गया। जबकि एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी के मार्गदर्शन में पूरी टीम ने यह सफलता प्राप्त की। कार्रवाई में प्रभारी एसओजी राजेश जोशी, प्रभारी चौकी टीपी नगर मनोज कुमार, कांस्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा, अरुण राठौर, अनिल टम्टा, शामिल रहे।



# नाले में शव मिलने से सनसनी

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आदित्य चौक बरेली रुद्रपुर बाईपास रोड स्थित श्मशान घाट के पास नाले में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया सूचना पर नाले के पास यात्रियों की भीड़ इकट्ठा हो गई । सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नाले से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था।जांच के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व नकद दो सौ रुपये बरामद हुए। दस्तावेजों के आधार पर शव की पहचान राजा (51) पुत्र रामपाल निवासी वार्ड नंबर 1, हाल निवासी वार्ड नंबर 2 बंगाली कॉलोनी किच्छा के रूप में हुई। मौके पर बुलाए गए परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजा ट्रक व भारी वाहनों की ड्राइविंग करता था और काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि राजा को शराब पीने की लत थी और वह कई बार नशे की हालत में इधर-उधर पड़ा मिला करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर मोर्चरी भिजवा दिया है। प्रथम दृष्टया मामला हादसा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



# भट्ट ने व्यक्त की शोक संवेदना

किच्छा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वतंत्र राय के आवास पर आज पूर्व रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पहुंचे। उन्होंने श्री राय की धर्मपत्नी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिवार ने एक अपूरणीय क्षति झेली है, जिसे शब्दों में बयां करना कठिन है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।



सांसद अजय भट्ट ने कहा कि समाज में श्री स्वतंत्र राय का योगदान हमेशा सराहनीय रहा है और ऐसे समय में संगठन उनके साथ खड़ा है। इस मौके पर सदस्य खाद्य मंत्रालय भारत सरकार लवी सहगल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विवेकदीप सिंह, विपिन जलहोत्रा, विवेक राय, भूपेंद्र राय, अभिषेक सक्सेना, मेहर सिंह, मन्नू बावा, हरप्रीत सिंह, डॉ. ए.के. गुप्ता, राकेश गुप्ता, पूरण भट्ट, नवजोत सिंह, प्रबल चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# फांसी पर झूलता मिला मजदूर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला रम्पुरा निवासी एक मजदूर ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव कमरे के अंदर फंदे पर झूलता मिला। परिजन फांसी से उतारकर उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र कोली पुत्र राम मजदूरी करता था। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार की दोपहर खाना खाने के बाद राजेंद्र कमरे में चला गया। उसकी पत्नी बर्तन धो रही थी और बच्चे आंगन में खेल रहे थे। बर्तन धोने के बाद पत्नी कमरे में गई तो उसने पति को फंदे पर झूलता देखा शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग भी आ गए।। राजेंद्र को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रंपुरा चौकी इंचार्ज प्रदीप कोली मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक कुछ समय से बीमार था। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। उसके दो बेटे व तीन बेटियां हैं। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचे और उन्होंने मृतक के परिजनों से मिल शोक व्यक्त किया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।


नरेन्द्र अरोरा
रेखा अरोरा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विकास बत्रा
डायरेक्टर
पूजा बत्रा


अरूण अग्रवाल
नीतू अग्रवाल


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विभोर बाठला
युविका बाठला


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
आनन्द बिन्दल
स्वीटि अग्रवाल


मानस जायसवाल
कुसुम जायसवाल


की हार्दिक बधाई
विजय भूषण गर्ग
सविता गर्ग
आयुष गर्ग
नैना गर्ग


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
रमन अरोरा
शिखा अरोरा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मनिल शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
मीना शर्मा
महासचिव,प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी


के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
सुनील ठुकराल
शालिनी ठुकराल


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक करवाचौथ
पर्व की हार्दिक
बधाई


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सतपाल यादव
अनीता यादव


मानिक अरोरा
सोनल अरोरा
तिलकराज अरोरा
नैना अरोरा

# पूर्व सैनिक की समस्याओं का सामाधान सरकार की प्राथमिकता: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में लेते हुए कहा कि पूर्व सैनिक की समस्याओं का सामाधान करना सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिक व सैन्य परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित किये जायेगें ताकि पूर्व सैनिको व उनके परिजनों की समस्याओं को पंजीकरण कर प्राथमिकता से समाधान किया जा सकें। पूर्व सैनिक संगठनों ने कहा कि शहीदों के नाम पर जनपद में स्मृति द्वारों का निर्माण किये गये है, जिनका रख-रखाव हेतु नगर निकाय एवं पंचायतों को दिये जाने की मांग रखी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायो में स्थित स्मृति द्वारों की मरम्मत शीघ्र करायी जायेगी। सैनिक संगठनों ने कहा कि संगठनों की मीटिंग या अन्य कार्यक्रम करने हेतु प्रत्येक ब्लांक में सैनिक मिलन केन्द्र निर्माण हेतु नि:शुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाये। जिस पर जिलाधिकारी ने पत्र बनाकर शासन को भेजने के निर्देश जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिये। सैनिक संगठनों ने शस्त्र लाईसेंस नवीनीकरण व अन्य प्रदेशों बने लाईसेंस को ट्रांसफर कराने में आ रही कठिनाईयों से अवगत कराया। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्र लाईसेंस नवीनीकरण व ट्रांसफर हेतु पत्र सम्बन्धित प्रदेशों के जिलाधिकारियों को भेजे गये है, जिनकी एनओसी अभी लम्बित है। सैनिक संगठनों ने कहा कि अज्ञानता के करण बिना रजिस्ट्री वाली खरीदी गयी भूमि पर बैंकों द्वारा भूमि कब्जा सत्यापन के ऋण दिया जाता है, जिसे रोकने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी बैंकों को निर्देशित करें कि ऋण देने से पूर्व भूमि का सत्यापन अवश्य किया जाय। सैनिक संगठनों ने किच्छा में निर्माणाधीन एम्स के पास सैनिक विश्राम गृह के निर्माण हेतु भूमि आवंटन करने का अनुरोध किया। जिसपर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याणा अधिकारी को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पूर्व सैनिकों के निजी शिकायतो को नियमित निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी शस्त्र गौरव पाण्डेय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, अधिशासी अभियंता विद्युत राजीव चक्रवर्ती, लीड बैंक अधिकारी चिराग पटेल, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सहायक अभियंता जल संस्थान एलएम पाण्डे, सिंचाई पंकज ढोडियाल,लोनिवि विनोद सनवाल, पूर्व सैनिक संगठन पदाधिकारी गम्भीर सिंह धामी, नवल जोशी, खड्क सिंह कार्की, प्रेम सिंह, प्रकाश सिंह बिष्ट, हेम चंद, नारायण सिंह, सुन्दर सिंह, दिगम्बर प्रसाद, धन सिंह, चन्द्र सिंह खड़ायत, आरडी भट्ट, आत्मा सिंह, एनडी जोशी, दर्पन सिंह, पूरन चन्द्र, हरीश चन्द्र, कुन्दन सिंह, जगमोहन सिंह, जगदीश चन्द्र पाण्डे, मोहन सिंह, हीरा सिंह, धन सिंह सामंत, आनंद सिंह, सुनील कुमार आनंद बल्लभ आदि मौजूद थे।



# प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने पर तीन मेडिकल स्टोर सील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित कफ सिरप बेचते पाए जाने पर ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा तीन मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रतिबंधित कफ सिरपों की बिक्री रोकने हेतु संयुक्त निरीक्षण दल कुलदीप पाण्डे, तहसीलदार एवं सुश्री मीनाक्षी बिष्ट, ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 3 मेडिकल स्टोरों को बंद कर तालेबंदी की गयी। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि उपरोक्त मेडिकल स्टोर संचालक बिना मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के प्रतिबंधित कफ सिरप बेचते हुए पाए गए। संबंधित दुकानों को औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1945 के अंतर्गत सील किया गया तथा स्टॉक का पंचनामा तैयार कर नमूने जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि प्रकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ औषधि निरीक्षक को अग्रसारित की जा रही है।



# बालिकाओं के लिए कल नि:शुल्क ओपीडी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 11 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त रेडियोलोजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, समस्त निजी अल्ट्रासाण्ड केन्द्रों में बालिकाओं के लिए नि:शुल्क ओपीडी किये जाने से सम्बंधित पत्र जारी किया किया गया है। जिसमें पीसीपीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने कहा है कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष बालिकाओं के सम्मान में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। उक्त दिवस पर बालिकाओं के सम्मान में कल ।। अक्टूबर को जनपद के समस्त निजी स्वास्थ्य केन्द्र संचालक, रेडियोलोजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, समस्त निजी अल्ट्रासाण्ड केन्द्रों के संचालकों से आग्रह किया गया है कि वह बालिकाओं की ओपीडी को स्वेच्छानुसार नि:शुल्क करें।

# स्कूली बच्चों के साथ मनाया गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री अमृतसर नगर एवं दरबार साहिब अमृतसर गोल्डन टेंपल की स्थापना करने वाले श्री गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व पर गूलरभोज रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बच्चों को उबले हुए चने एवं शरबत का प्रसाद वितरित किया गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चौहान ने अध्यक्षता करते हुए गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी ने गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी को उनके आदर्शो पर चलने का आहवान किया । वहीं बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की । कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ ने बताया कि चूना मंडी लाहौर में वर्तमान पाकिस्तान में गुरु रामदास जी का प्रकाश हुआ बचपन में माता-पिता के गुजर जाने के कारण बुजुर्ग नानी द्वारा पालन पोषण किया गया । बाल्यकाल अवस्था में गुरु रामदास ने उबले हुए चने बेचकर जीवन बिताया। भगवान की कृपा से आने वाले समय में लाहौर से चलकर गोइंदवाल साहिब पहुंचे और बावली की सेवा करने के साथ गुरु की कृपा के पात्र बने, तीसरे गुरु अमरदास जी ने उन्हें अपना दामाद भी बनाया और आने वाले समय में उन्हें चौथे गुरु की पदवी देकर श्री अमृतसर नगर बसाने की प्रेरणा दी जहां आज दिन रात गुरबाणी कीर्तन के साथ लाखों लोग रोजाना गुरु का लंगर प्राप्त करके तृप्त होते हैं । कार्यक्रम समापन के उपरांत योग शिक्षक महेंद्र छाबड़ा ने सभी बच्चों को नित्य प्रति थोड़ा सा समय अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए योग करने का आह्वान किया । इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, भाजपा नेता नरेश हुड़िया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता परमजीत कौर ने स्कूल स्टाफ को स्मृति चिन्ह और बच्चों को चने का प्रसाद और मीठा जल वितरण किया । इस मौके पर शिक्षिका नरगिस ,रितिका, जुलेखा ,निशा के अलावा सरस्वती व सिमरन कौर सहित बच्चे मौजूद रहे।



# क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकासखंड कार्यालय में बृहस्पतिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख ज्योति ग्रोवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर कई प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी हिमांशु जोशी, परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अधिकारी उधम सिंह नगर एवं खंड विकास अधिकारी (सचिव क्षेत्र पंचायत) अतिया परवेज के निर्देशन में कार्यवाही आरंभ की गई बैठक में सिंचाई, नहरो की सफाई, जर्जर विद्युत पोल और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को बदलने ग्रामीणों के आय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के सरलीकरण क्षेत्र में जल भराव का समाधान आदि विषयों को प्रमुखता से रखा है क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विद्यालयों में जल भराव से निजात हेतु मिट्टी भरने की मांग की गई जिस पर परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सूची सहित विद्यालयों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया सभी समस्याओं के निस्तारण एवं नवीन आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव पर शीघ्र अमल हेतु बैठक की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर द्वारा सभी को अस्वस्थ किया गया, बैठक में 79 प्रस्ताव एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुरोध पत्र प्राप्त हुए इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख कमलजीत कौर, कनिष्ठ उप प्रमुख रीना पाइक, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता सहायक, अभियंता पेयजल निगम, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, मत्स्य निरीक्षक, उद्यान निरीक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक, लेखाकार मदन सिंह सैनी, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, रवि आर्या, दीपक असगोला, पार्वती चंद्र, पूनम पनेरु, विश्वजीत, शिखर ओझा मौजूद रहे।



# जन जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सहकारी प्रबंध संस्थान देहरादून के तत्वावधान में कृषक, मिलर्स एवम् व्यापारियों हेतु भंडारण विकास एवं विनिमय अधिनियम पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम राज्य भंडारण निगम परिसर गदरपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहकारी प्रबंध संस्थान देहरादून के प्रवक्ता डॉ आई ए खान, राज्य भंडारण निगम के प्रबंधक राकेश दुबे, राइस मिल संगठन के अध्यक्ष अमित नारंग, ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक गदरपुर की शाखा प्रबंधक श्रीमती सुमन देव, बैंक मुख्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक हरि सिंह यादव, बैंक के सचिव महाप्रबंधक संदीप कुमार ने क्षेत्रीय कृषकों एवं मिलर्स को संबोधित किया एवं अपने अन्न, कृषि उपज आदि का स्थानीय वेयरहाउस में भंडारण कर लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर यूसुफ अली, जाकिर हुसैन, ताज मोहम्मद, कपिल, पवन, विजय, गोपाल, नागेन्द्र सहित कई कृषक भी उपस्थित रहे।



# पालिकाध्यक्ष से मिले नव निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के नव निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान छात्र नेताओं ने नगर क्षेत्र में युवाओं और आम नागरिकों को हो रही विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। पालिकाध्यक्ष गुम्बर ने छात्रों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि पालिका प्रशासन नगर क्षेत्र के विकास और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्रसंघ प्रतिनिधियों ने नगर विकास और युवाओं से जुड़े विषयों पर अध्यक्ष के साथ सकारात्मक संवाद किया। उन्होंने पालिका प्रशासन की सहयोगात्मक भावना के लिए आभार प्रकट किया और विश्वास जताया कि प्रशासन की तत्परता से नगर क्षेत्र की कई जटिल समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। भेंट के दौरान छात्रसंघ की ओर से अध्यक्ष सौम्या, महासंघ उपाध्यक्ष काजल, उपाध्यक्ष पूजा, उपाध्यक्ष (छात्रा) कंचन, सचिव संजना, संयुक्त सचिव मोहित और कोषाध्यक्ष फहद उपस्थित रहे।



# लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी जया कर्नाटक का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा की अगुआई में सिटी क्लब में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़, कार्यक्रम में उधमसिंहनगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी, जया कर्नाटक, का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित दर्जनों महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान में भी प्रतिभाग किया, इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने कार्यक्रम की रूप रेखा को सभी के सामने विस्तार पूर्वक रखा, उन्होंने प्रभारी को बताया कि उन्होंने पिछले एक सप्ताह में बस्ती बस्ती जाकर एक एक महिला से मुलाकात कर एक हजार से भी अधिक महिलाओं से इस कार्यक्रम के फॉर्म पर हस्ताक्षर कराए है, उन्होंने कहा की 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में अभी सैकड़ो और हस्ताक्षर कराये जायेंगे। प्रभारी जया करनाटक ने सभी महिलाओं का धन्यवाद दिया,और कहा कि वोट चोरी से सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार की पोल खुल गयी है, और अब उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नही है। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, पूर्व मेयर प्रत्याशी ममता रानी, महानगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, ममता शर्मा, सरोज शर्मा, उमा सरकार, बेबी सिकदर, जुवेदा, ज्योति टमटा, सावित्री यादव, श्वेता शर्मा, मधु सिकदर, बिटोला देवी, यादों देवी, सरोज रानी, भूरी कोली, सरला, किरण, माधुरी, कुंतेश् रानी, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी। बाद में कार्यक्रम आयोजक पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।




पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता,रुद्रपुर
ईना ठुकराल


जुनेजा परिवार की ओर से पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
कौशल्या जुनेजा
अनुभव
रिया
गुलशन जुनेजा
संगीता जुनेजा


मीनू अरोरा
सुरेन्द्र अरोरा
'रज्जी'
वैभव अरोरा
सोनल अरोरा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
श्वेता बाम्बा
शक्ति बाम्बा


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सोनिया छाबड़ा
हैप्पी छाबड़ा


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
सुशील अग्रवाल
मंजू अग्रवाल


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
नरेश छाबड़ा
सरिता छाबड़ा


पति-पत्नी
के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
मनीष गोस्वामी
शीना गोस्वामी


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक करवाचौथ
पर्व की हार्दिक बधाई
संजय अग्रवाल
एकता अग्रवाल
सजल अग्रवाल
अंशिका अग्रवाल



करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
शिवम् ठुकराल
रिम्मी ठुकराल
ठुकराल इम्पोरियम, भगत सिंह चौक, रुद्रपुर


शिल्पी अरोरा
आशीष अरोरा




पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
पवन टुटेजा
सुमन टुटेजा
बॉबी टुटेजा
रीतू टुटेजा


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक करवाचौथ
पर्व की हार्दिक बधाई
निधि कालड़ा



















# सीएम धामी ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से उत्तराखंड राज्य के बाह्य सहायतित परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया





देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भेंट कर राज्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री को जीएसटी सुधारों के सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं देते हुए वित्त मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड राज्य को दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या का दबाव लगातार बढ़ रहा है। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील एवं भारी वर्षा वाले प्रदेश में नगरीय जल निकासी प्रणाली के सुधार और अपग्रेडेशन की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए राज्य के सर्वाधिक बारिश से प्रभावित 10 जिलों के लिए स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के उन्नयन और सुधार के लिए डीपीआर तैयार की गई हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत रुपये 8,589.47 करोड़ है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री से इन परियोजनाओं को पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से उत्तराखंड राज्य के बाह्य सहायतित परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से उत्तराखंड क्लाइमेट रिजिलीअन्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल चुकी है। इसी के साथ राज्य सरकार की ओर से सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 850 करोड़ रुपये और जलापूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 800 करोड़ का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से इन परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति कराने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री श्री धामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री से पूर्व में मिले आश्वासन के क्रम में उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बाह्य सहायतित परियोजनाओं की सीलिंग के अतिरिक्त 4 अन्य प्रमुख परियोजनाओं को भी शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। इन परियोजनाओं में 2000 करोड़ की जल एवं स्वच्छता नगरीय अवसंरचना विकास परियोजना, 424 करोड़ रुपये की डीआरआईपी -III, 3638 करोड़ रुपए की उत्तराखंड क्लाइमेट रेसिलिएंट इंट्रा स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन सिस्टम डेवलपमेंट और 1566 करोड़ रुपये की उत्तराखंड पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट शामिल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएँ राज्य के बुनियादी ढांचे, जल संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा और सार्वजनिक सर्विस डिलीवरी व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी।केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री श्री धामी को हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# एसएसपी ने किया दोगड़ा में नवनिर्मित पुलिस चेक पोस्ट का उद्घाटन




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत वर्षों से भुजियाघाट के स्थानीय व जनप्रतिनिधियो द्वारा लगातार मांग की जा रही थी कि भुजियाघाट क्षेत्र में एक चौकी खोली जाय ताकि क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों में गलत गतिविधियो पर रोक लग सके व क्षेत्र को सुरक्षित वातावरण मिल सके। जिसे मद्देनजर रखते हुए प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी द्वारा डॉ जगदीश चंद्र एसपी क्राइम/ट्रैफिक को चेक पोस्ट हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए। एसपी क्राइम द्वारा स्थानीय लोगों से परस्पर वार्ता एवं थानाध्यक्ष तल्लीताल द्वारा भुजियाघाट क्षेत्र की संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए अथक प्रयासों से चेक पोस्ट हेतु उपर्युक्त स्थान चिन्हीकरण किया गया। जिसके पश्चात एसएसपी नैनीताल द्वारा काया आयुर्वेदिक कॉलेज दोगड़ा के सहयोग से भुजिया घाट स्थित दोगड़ा में चौक पोस्ट स्थापित किया गया।उक्त चेक पोस्ट में अपर उपनिरीक्षक सुनील कुमार व 4 अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है। स्थानीय लोगों एवं जनता प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस विभाग के इस कदम की सराहना की गई है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान काया मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा नशे के संबंध मेंजागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन के दौरान अमित कुमार सीओ, मनोज नयाल थानाध्यक्ष तल्लीताल, अशोक पाल प्रबंध निदेशक एवं घनश्याम तिवारी काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, विपिन जंतवाल जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान मुन्नी जीना, कुंदन सिंह जीना, बीडीसी पंकज सूर्या, प्रधान कमल जंतवाल, शेखर भट्ट समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।




पति-पत्नी प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
एड.महेश बब्बर
पूनम बब्बर


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजेश तिवारी
अनीता तिवारी


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
निखिल कालरा
चेतना कालरा
परिधान साड़ीज, मुख्य बाजार, रुद्रपुर


सुनील चुघ
रेखा चुघ
दीपक नारंग
खुशबू नारंग



पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
अमित जैन लोहिया
एमडी, क्रेजी डेकोर, रुद्रपुर
अनुपमा जैन


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
पूजा कालड़ा
सुनील कालड़ा



करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
रितेश सक्सेना
बाबा भक्त, श्री बालाजी मण्डल, रुद्रपुर
प्रीति सक्सेना


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
कैलाश अग्रवाल
अंजना अग्रवाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मऋषी बत्रा
रजत बत्रा
महामंत्री
नमन बत्रा
कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन
नमन इण्टर प्राइजेज
उच्च क्वालिटी की दवाईयों के होलसेल विक्रेता
आदर्श कालोनी, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राज गगनेजा
सत्या रानी


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
एकता मुंजाल
वरुण मुंजाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
भावना कपूर
रोहित कपूर


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
मीनू मुंजाल
मनोज मुंजाल


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
वैष्णवी चावला
अमित चावला

























# खाद्य पदार्थों की जांच के लिए चलाया चेकिंग अभियान

रुद्रपुर। आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु डा० आर० राजेश कुमार, सचिव स्वास्थ्य व आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में डा० राजेन्द्र सिंह कठायत, उपायुक्त खाद्य संरक्षा, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल के नेतृत्व में जनपद ऊधम सिंह नगर में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। सघन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड की सीमा व प्रवेश द्वार टांडा दडियाल रोड, काशीपुर में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, ऊधम सिंह नगर की टीम द्वारा पुलिस व प्रशासन के सहयोग से लगभग 3 दर्जन से अधिक खाद्य सामग्री ला रहे वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यू०पी० के मुरादाबाद व रामपुर जनपद के स्वार, टांडा, व दडियाल आदि क्षेत्रों से लाये जा रहे दुग्ध व दुग्ध पदार्थ व अन्य वाहनों को रोककर उनका सधन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विभिन्न वाहनों से किसी प्रकार की संदिग्ध खाद्य सामग्री लाते हुए नहीं पायी गयी लेकिन बाहरी क्षेत्र एवं प्रदेशों से जनपद में लाये जा रहे विभिन्न खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के 10 से अधिक नमूने जांच हेतु लिये गये। जिसमें दूध एवं दुग्ध पदार्थ, मावा, पनीर, घी, मक्खन, सूजी, मसाले आदि खाद्य पदार्थों के नमूने सम्मिलित है। जांच हेतु लिये गये नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर में भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तथा नमूने मानकों के अनुरूप सही न पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी तथा अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी प्रतिष्ठानों के स्वामी/विक्रेताओं को संदिग्ध खाद्य पदार्थों को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये गये। सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफ०एस०एस०ए० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप नहीं पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय/संग्रहण /निर्माण किया जाता है एवं बिना पंजीकरण/ लाईसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, साथ ही सभी खारा कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर एफएसएसआई एलाईसेंस नं. अंकित होना चाहिये। बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख ले तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 180018 04246 पर शिकायत कर सकते हैं। विशेष प्रवर्तन अभियान दल में डा० राजेन्द्र कठायत, उपायुक्त खाद्य संरक्षा, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल, डा० प्रकाश फुलारा, सहायक आयुक्त, ऊधम सिंह नगर, अपर्णा साह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर, आशा आर्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि सम्मिलित रहे।





# मंदिर बचाने को लेकर महापौर से मिले ग्रामवासी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा रोड स्थित रामनगर गांव में सड़क किनारे स्थित शिवालय को बचाने के लिए ग्राम रामनगर के वासी आज महापौर विकास शर्मा से मिले व अपना ज्ञापन सौंपा ग्राम वासियों ने महापौर से सरकार के माध्यम से प्राचीन शिव मंदिर को बचाने का आग्रह किया जिस पर महापौर ने परियोजना निदेशक से बात कर उचित समाधान कराने का भरोसा दिलाया व ग्राम वासियों ने महापौर को अवगत कराया कि पूर्व में जब सड़क चौड़ी कारण हो रहा था तब ग्राम वासियों के आंदोलन पर एन एच प्रशासन सरकार व मंदिर समिति के मध्य एक समझौता हुआ था जिसमें यह तय हुआ की मंदिर को नहीं तोड़ा जाएगा जो की लिखित में समझौता हुआ अब एन एच प्रशासन पुनः मंदिर को तोड़ने का प्रयास कर रहा है जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा व हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए महापौर विकास शर्मा ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया व सभी की आस्था का सम्मान करने का भरोसा दिलाया ज्ञापन देने वालों में जयप्रकाश सिंह जितेंद्र तिवारी संदीप कुशवाह राकेश सिंह रणजीत शर्मा पंकज पांडे मयंक तिवारी विकास राय रमेश चतुर्वेदी राम भवन आलोक चौहान प्रथम मिश्रा मनोज मिश्रा राजेश मिश्रा आशीष पांडे सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद थे।




# मोबाईल स्वास्थ्य सेवा वाहन को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी

रूद्रपुर। हिन्दुस्तान जिंक व ममता संगठन के संयुक्त सौजन्य से मोबाईल स्वास्थ्य सेवा वाहन को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक कम्पनी व ममता संगठन के यह प्रयास स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल की गई है जो सराहनीय है। उन्होने कहा कि मोबाईल स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लाभदायक होगी। उन्होने सभी जनता से कहा कि स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाये। उन्होंने नेक कार्य के लिए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। हिन्दुस्तान जिंक कम्पनी के निदेशक अनामिका झा ने बताया कि राजस्थान के 4 जनपद व उत्तराखण्ड के उधमसिंह नगर के गदरपुर एवं किच्छा क्षेत्र के 25 ग्रामों में संचालित सचल चिकित्सा वाहन में डाक्टर, स्टाफ नर्स, काउन्सलर के माध्यम से परामर्श उपचार करने का कार्य पद्धति संचालित करने की योजना प्रारम्भ की गई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आरके सिन्हा, प्लांट डायरेक्टर हिन्दुस्तान जिंक अनामिका झा, उप निदेशक मुरूगन मानी, सीएसआर हेड नमरायशा, उप निदेशक ममता एचआईएमसी मुरारी चन्द्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक ममता संगठन हेमेन्द्र शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी तान्या सिंह, जिला प्रोजेक्ट क्वाडीनेटर नरीज सक्सेना, डॉ0 राकेश आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आईपीएस की आत्महत्या

हरियाणा में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की आत्महत्या और उससे जुड़े तथ्यों के संबंध में जैसी खबरें आई हैं, वे विचलित करने वाली हैं। यह अफसोसनाक है कि देश में फैली कुरीतियों और दुराग्रहों को दूर करने की उम्मीद जिस तंत्र से की जाती है, कई बार वह खुद भी इससे मुक्त नहीं दिखता है। गौरतलब है कि हरियाणा में भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी वाई पूरन कुमार ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से लगातार 'असहनीय उत्पीड़न' से तंग आकर आत्महत्या कर ली। उन्हें अधिकारों और अन्य मुद्दों से संबंधित मामलों में मुखर हस्तक्षेप के लिए जाना जाता था। खबरों के मुताबिक, एक 'आखिरी नोट' में उन्होंने कुछ अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न, जाति आधारित भेदभाव, सार्वजनिक अपमान और दुर्भावनापूर्ण तरीके से छद्म शिकायतें दर्ज कराने आदि का गंभीर आरोप लगाया। भारतीय पुलिस सेवा के तहत अपने पद पर काम करते हुए किसी उच्च अधिकारी के सामने भी अगर आत्महत्या की नौबत आती है तो यह हर स्तर पर चिंता की बात होनी चाहिए। सवाल है कि सरकारी तंत्र के भीतर भी दबाव की राजनीति कैसे इस तरह काम करती है कि एक व्यक्ति के सामने जीने-मरने का सवाल आ खड़ा हो। सही है कि हमारे समाज में आज भी समाज के हाशिये के तबकों के खिलाफ बहुस्तरीय भेदभाव और उत्पीड़न की जड़ें गहरी दिखाई देती हैं और कमजोर पृष्ठभूमि के लोग कई बार इसका सामना नहीं कर पाते। लेकिन उम्मीद की जाती है कि पद, प्रभाव या आर्थिक हैसियत में सक्षम होने के बाद किसी व्यक्ति के खिलाफ सार्वजनिक अपमान, अत्याचार या जाति-आधारित भेदभाव करना आसान नहीं होता। हरियाणा में पुलिस अधिकारी की आत्महत्या की घटना में जांच का कोण फिलहाल उनके 'आखिरी नोट' पर निर्भर है, लेकिन इसकी गहन और पारदर्शी तरीके से जांच इसलिए भी जरूरी है कि आरोपों की सत्यता सामने आए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और यह सभी स्तर पर एक सबक का काम करे। चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या के मामले में हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई है। जानकारी के मुताबिक सुसाइड नोट में दर्ज शिकायत के आधार पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर और रोहतक के पुलिस अधीक्षक  नरेंद्र बिजारनिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# जंगल से भटकर आबादी में पहुंचा सांभर

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्ड संख्या दो शास्त्री वार्ड में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सांभर अचानक आबादी क्षेत्र में घुस आया। क्षेत्रवासियों ने तुरंत भाजपा नेता एवं सभासद पति रमेश राय को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही रमेश राय मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन क्षेत्र अधिकारी कैलाश चंद्र गुणबन्त एवं वन बीट अधिकारी गोविंद कुमार को सूचित किया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम



तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सांभर को सुरक्षित तरीके से पकड़कर पशु चिकित्सालय शक्तिफार्म लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में वन चौकी परिसर में ड्रिप चढ़ाने के पश्चात उसे स्वस्थ पाकर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया। इस रेस्क्यू अभियान में वन दरोगा परवेज राणा, बीट अधिकारी गोविंद कुमार, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, कमलेश हालदार, अमरनाथ ढाली, कृष्ण पद मंडल सहित कई स्थानीय लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# नशीली दवाईयों के मामले में दो तस्करों पर गैंगस्टर की संस्तुति

सितारगंज(उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश से तस्करी कर उत्तराखंड में नशीली दवाइयां का अवैध कारोबार करने वाले दो लोगों पर कोतवाल ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की संस्तुति की है। तत्कालीन कोतवाल की जांच में दोनों आरोपियों की संपत्ति के वैध स्रोत नहीं मिले हैं। कोतवाल नरेश चौहान ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि ग्राम मखबारा निवासी हरपाल सिंह पुत्र महेंद्र सिंह और राजेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह संगठित गैंग के रूप में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। आरोपी राजेश कुमार उत्तर प्रदेश के सीमा क्षेत्र से प्रतिबंध दवाइयां लाकर मेडिकल स्टोर में बिक्री किया जा रहा था। जिसकी विवेचना प्रचलित है। आरोपियों ने नशीले इंजेक्शन, दवाइयां टैबलेट बेचकर संपत्ति अर्जित कर रखी है। कोतवाल की जांच के अनुसार आरोपियों की अर्जित संपत्ति के कोई वैध स्रोत नहीं पाए गए। उप निरीक्षक ललित मोहन चौधरी ने इस संबंध में बीट सूचना दर्ज की। जिसकी जांच तत्कालीन कोतवाल प्रकाश सिंह दानू ने की। जांच रिपोर्ट में दोनों आरोपियों के अपराधिक प्रवृत्ति का होने की पुष्टि की गई। जिनके खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत पुलिस ने कार्रवाई की संस्तुति की है।

# महिला पर तमंचे की बट से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में फोन नम्बर न देने पर युवक ने महिला के सिर पर तमंचे की बट से हमला कर उसे घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अंजली कुमारी पुत्री मुन्ना लाल निवासी वार्ड मोदीपुरम कॉलोनी, ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि 16 सितम्बर को सायं वह अपने मकान के गेट बैठकर बच्चे के साथ खेल रही थी। उस बीच मौहल्ले का ही निवासी संजू उसके पास आया और फोन नम्बर मागने लगा। विरोध करने पर वह मारने पीटने लगा। अंजली का आरोप है  मारपीट के दौरान संजू ने उसके सिर पर तमंचे की बट से मारा जिससे उसका सिर फट गया। लोग आते देखकर जान से मारने की धमकी देकर वह भाग गया।

# एनडीआरएफ 15वीं वाहिनी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। 15वीं वाहिनी, एनडीआरएफ गदरपुर द्वारा अपना छठवां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ वाहिनी परिसर, सहकारी चीनी मिल, गदरपुर में मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य परेड का सुदेश कुमार दराल ने 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ के सभी रेस्क्यूअर्स एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वाहिनी के रेस्क्यूअर्स द्वारा किए गए सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी महोदय द्वारा प्रदत्त महानिदेशक चिह्न एवं प्रसारित पत्र से अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उप कमांडेंट अवनीश पुरोहित को तृतीय पर्वतारोहण अभियान में सफल नेतृत्व हेतु सहायक कमांडेंट कर्मवीर सिंह भण्डारी, निरीक्षक अमृत लाल मीणा एवं गया। स्थापना दिवस समारोह में वाहिनी के कर्मियों में अपार उत्साह देखा गया तथा सभी ने एकजुट होकर सेवा, निष्ठा एवं बलिदान के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह में कमांडेंट सुदेश कुमार दराल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी





आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कमांडेंट सुदेश कुमार दराल द्वारा बल का ध्वज फहराकर किया गया। परेड का नेतृत्व सहायक कमांडेंट मनोज जोशी द्वारा किया गया तथा ध्वज को सम्मानपूर्वक सलामी दी गई। इस अवसर पर कमांडेंट अधिकारियों एवं कर्मियों को भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, साहस एवं उत्कृष्टता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल द्वारा महानिदेशक, एनडीआरएफ उप निरीक्षक अंकित लाठर को भी केदारनाथ जी में चारधाम ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन सुनिश्चित करने एवं भूस्खलन से उत्पन्न आपदा की स्थिति में प्रभावी नेतृत्व एवं सराहनीय कार्य हेतु इस सम्मान से विभूषित किया (प्रवर कोटि) शैलेश कुमार चौधरी, उप कमांडेंट अवनीश पुरोहित, सहायक कमांडेंट कर्मवीर सिंह भण्डारी, भूपेंद्र काटनाला, मनोज जोशी, निरीक्षक अमृत लाल मीणा एवं निरीक्षक प्रकाश चंद्र पांडे सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# 'नेता बनो, नेता चुनो' अभियान से युवा कांग्रेस को मिलेगी नई दिशा : विनय

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।यूथ कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यूथ कांग्रेस के इलेक्शन कमिश्नर विनय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस की रीढ़ युवा शक्ति है। यदि युवाओं को राजनीति में सही दिशा और अवसर दिया जाए तो संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इसी सोच के तहत कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर प्रदेशभर में "नेता बनो, नेता चुनो" अभियान शुरू किया जा रहा है। पत्रकारों से वार्ता के दौरान इलेक्शन कमिश्नर विनय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस को पुन: जनता के बीच मजबूत बनाने के लिए युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना आवश्यक है। राहुल गांधी की पहल पर इस अभियान की शुरुआत की जा रही है ताकि हर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता स्वयं को एक जिम्मेदार नेता के रूप में स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी तरह पारदर्शी होगा, जिसमें नामांकन से लेकर चुनाव तक की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 24 से 30



अक्टूबर तक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से नॉमिनेशन प्रक्रिया चलेगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भाग ले सकेंगे। इस प्रक्रिया के तहत छह स्तरों पर कमेटियों का गठन किया जाएगा ख्र बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक। इससे न केवल संगठनात्मक ढांचा सुदृढ़ होगा, बल्कि युवाओं में लोकतांत्रिक भावना और जिम्मेदारी का विकास भी होगा। विनय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा युवाओं की ताकत को देश की प्रगति का आधार माना है। आज के डिजिटल युग में युवाओं को सोशल मीडिया, जनसंपर्क और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और एक सशक्त, जागरूक एवं जिम्मेदार यूथ कांग्रेस का निर्माण करें। इस अवसर पर नवतेज पाल सिंह, नरेंद्र आर्य, उत्तम आचार्य, सुमिंदर यादव, विनय विश्वाश, सूर्य प्रताप सिंह, शिव कुमार पंडित, विष्णु तरफदार, अमित सरकार, भगवान पांडे, अरुण पांडे, अर्जुन विश्वाश सहित बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने दिया विद्यार्थियों को जागरूकता का मंत्र

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, शक्तिफार्म में गुरुवार को उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशा, साइबर क्राइम और यातायात सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि "जागरूकता और सतर्कता ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।"उन्होंने आधुनिक दौर में बढ़ते साइबर अपराधों जैसे "डिजिटल अरेस्ट," "ऑनलाइन जॉब फ्रॉड," "केवाईसी ठगी," और "सोशल मीडिया हैकिंग" पर विस्तार से चर्चा की और विद्यार्थियों को इनसे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें। एसएसपी ने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर बल देते हुए कहा कि निजी जानकारी,




फोटो या बैंक विवरण किसी भी प्लेटफॉर्म पर साझा करना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कानूनी उलझनों और मानसिक तनाव का कारण बनता है, इसलिए इसका उपयोग सोच-समझकर करें। यातायात सुरक्षा पर बोलते हुए मणिकांत मिश्रा ने कहा कि "सड़क पर अनुशासन ही जीवन की सुरक्षा है।" उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणाम और सड़क नियमों के पालन की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन नंबरों की जानकारी भी दी गई ख्र 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 112 (पुलिस), 1090 (महिला हेल्पलाइन), और 1098 (बाल सहायता हेल्पलाइन) ताकि वे किसी भी स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने छात्रों से नशे से दूर रहने और समाज को इसके दुष्परिणामों से बचाने में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे, अपराध और लापरवाही से मुक्त रहकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह यादव को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मन्त्री व उत्तर प्रदेश के 3 बार के मुख्य मन्त्री रहे मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्य तिथि उत्तराखण्ड सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय आजाद नगर पर संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की। तदुपरांत विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री सिद्दीकी ने कहा मुलायम सिंह यादव को जीवन में जितनी उपाधि मिली है।आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या नेता को नहीं मिली है। नेता जी उत्तराखण्ड के सबसे बड़े हितेषी थे। पर्वतीय इलाको की समस्याओं को देखते हुए अपनी सरकार में अलग से



पर्वतीय विकास मंत्रालय का गठन करने के साथ-साथ उत्तराखण्ड की भौगोलिक व आर्थिक एवं बेरोजगारी की समस्याओं को देखते हुए अलग उत्तराखण्ड राज्य बनाने का प्रस्ताव पास करा कर केन्द्र सरकार को भेजा था।श्री सिद्दीकघे ने कहा कि मुलायम सिंह किसानों, व्यापारियों, छात्रों, कर्मचारियों, दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के सबसे बड़े हितेषी थे। विचार गोष्ठी में जावेद सिद्दीकी, जावेद मिकरानी, अलीम अंसारी, उमैर मतीन, रेहान मलिक,अरशद अय्यूब, नईम सलमानी, इस्लाम सिद्दीकी, संजय गुप्ता, इस्लाम मिकरानी, आसिम सिद्दीकघे, नासिर हुसैन,अनवर हुसैन, दीपक अग्रवाल, कलीम टोनी, वकघर अहमद, समीर मिकरानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
विजय गर्ग
चेयरमैन
उषा गर्ग


अमित अग्रवाल
ज्योति अग्रवाल


गुम्बर परिवार


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजेश जग्गा
रीना जग्गा


चिलाना परिवार
की ओर से
करवाचौथ पर्व
की
हार्दिक बधाई
संतोष चिलाना
श्याम चिलाना
सौरभ चिलाना
शैलेन्द्र चिलाना
रोमा चिलाना
मीनल चिलाना


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
सविता अधिकारी
पूर्व पार्षद रुद्रपुर
दिलीप अधिकारी
पूर्व सभासद, रुद्रपुर


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
जगदीश टण्डन
सोनिया टण्डन


पति-पत्नी के प्रेम
के प्रतीक करवाचौथ
पर्व की हार्दिक बधाई


शिप्रा अरोरा
जतिन अरोरा
विजय अनेजा
प्रियंका अनेजा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गौरव आहूजा
अलका आहूजा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
बुलबुल राय
परिमल राय


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
शिव शक्ति ज्वैलर्स
आवास विकास
रुद्रपुर
सुभाष राणा
अंजली राणा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
राजकुमार सीकरी
पिंकी सीकरी


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
संजीव कामरा
ईशा कामरा

# किच्छा में कोली समाज ने फूंका ठुकराल का पुतला

किच्छा( उद संवाददाता)। बृहस्पतवार की शाम को अखिल भारतीय कोली समाज उत्तराखंड के बैनर तले संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकेश कोली के नेतृत्व में रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का पुतला फूंका गया तथा विरोध प्रदर्शन किया गया। राजकुमार ठुकराल पर आरोप है कि उन्होंने रुद्रपुर में मोहित कोली के साथ अभद्रता एवं मारपीट की। सैकड़ो के तादात में कोली समाज के लोग एकत्रित होकर जी चौक पर आए जहां पर जमकर नारेबाजी की और पूर्व



विधायक राजकुमार ठकराल के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुकेश कोहली ने कहा कि रुद्रपुर के विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा मोहित कोहली के साथ अभद्रता कर पूरे समाज के साथ अभद्रता की है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्त कोली समाज जनपद भर में राजकुमार ठुकराल के खिलाफ पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राजकुमार ठुकराल जब तक होली समाज से सार्वजनिक माफी नहीं मांगते यह सिलसिला जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश कोली, विनोद कोली, रमन कोली, राजकुमार कोली, रज्जी कोली, राकेश कोली, वसंत कोली, हरिराम कोली, संजय कोली, रोहन कोली, लकी कोली ,सुभाष कोली, पप्पू कोली, अशोक कोली, अमित कोली, आनंद कोली, सुजल कोली, रामचंद्र कोली, राजेश कोली, हरिशंकर कोली, केरल लाल कोली, रामगोपाल कोली, राजू कोली सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# एसएसजे महासंघ अध्यक्ष पर एबीवीपी का कब्जा

अल्मोड़ा( उद संवाददाता) ।सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के तिलक राज पाठक ने शानदार जीत दर्ज की। कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी नेहा रावत को 11 मतों से पराजीत किया। अन्य पदों पर निर्विरोध हुआ महासंघ का निर्वाचन। एसएसजे विवि में इस बार छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी और निर्दलीय में सीधी टक्कर थी। एबीवीपी ने गंगोलीहाट के तिलक राज पाठक को चुनावी मैदान में उतारा था। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चौखुटिया की नेहा रावत मैदान में थी। वहीं, इस बार एनएसयूआई ने कोई भी प्रत्याशी नहीं लड़ाया। गुरुवार को हुए मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें छात्र महासंघ अध्यक्ष पद पर तिलक राज पाठक ने शानदार जीत दर्ज की। तिलक को 22 और निर्दलीय प्रत्याशी नेहा को 11 मत प्राप्त हुए। परिणामों की घोषणा के बाद एसएसजे परिसर प्रागंण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी प्रो. शेखर जोशी और परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजयी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ जीत के बाद जमकर जश्न मनाया। एसएसजे विवि के छात्र महासंघ चुनाव में अध्यक्ष के अलावा अन्य पांचों पदों पर एक-एक नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उपाध्यक्ष पद पर निशा साह, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर हीना आर्या, सचिव पद पर निखिल कपकोटी, संयुक्त सचिव पद पर प्रियंका और कोषाध्यक्ष पद पर पूजा कपकोटी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# शिवसेना ने अमांते कंपनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। शिवसेना नगर इकाई के एक शिष्टमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान से मुलाकात कर उन्हें अमांते कंपनी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा । शिवसैनिकों ने बताया कि रोडवेज डिपो, रेलवे क्रॉसिंग, नियर आर्मी कैंट राजपुरा में अमांते कंपनी द्वारा लगाए गए बड़े-बड़े अश्लील पोस्टर और बैनर (यूनीपोल) समाज पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। विशेष रूप से, स्कूल जाने



वाली बच्चियों औ महिलाओं पर इनका गलत असर पड़ रहा है। जिससे महिलाओं में गहरा आक्रोश उत्पन्न हो गया है। शिवसेना इकाई मांग करती है कि तुरंत इन पोस्टरों और बैनरों को हटाने का आदेश जारी करें। यदि इन अश्ली पोस्टरों को प्रशासन द्वारा शीघ्रता से नहीं हटाया गया, तो शिव सैनिक स्वयं इन्हें हटाएंगे। इस प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेन्द्र नागर, मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, त्रिलोक सिंह, अभिषेक, अशोक, प्रमोद, रवि कश्यप व आयुष आदि मौजूद थे।

# अल्मोड़ा में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

अल्मोड़ा ( उद संवाददाता)। दीवाली पर्व को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थों के नौ नमून जांच को भेजे। दीवाली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य व औषधि विभाग सक्रिय हो गया है। गुरुवार को अभिहित अधिकारी खाद्य संरक्षा ललित मोहन पाण्डे के नेतृत्व में टीम ने धारानौल बाजार क्षेत्र समेत जागेश्वर, ताकुला एवं बसोली में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आटा, घी, तेल, सोन पापड़ी, दूध डेयरी, मावा, खोया, पनीर के कुल नौ नमूने जांच को लिए। उन्होंने व्यापारियों से मिलावटी और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने की अपील की। चेतावनी दी कि खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करते पकड़े जाने पर विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत छापेमारी रोजाना जारी रहेगी। वहीं, दो कारोबारियों को नोटिस दिया। यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार, अनुसेवक मोहन लटवाल, ईश्वर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# बाईक की टक्कर से सिडकुल कर्मी की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरूवार की शाम अटरिया मोड़ पर तेज गति से जाती बाईक की टक्कर से सड़क पार करते करीब 45 वर्षीय एक सिडकुल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से जोगीवाला, बदपुर देहरादून निवासी 45 वर्षीय आलेन्द्र सिंह नैनीताल रोड़ पर अटरिया मोड़ के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से जाती बाईक संख्या यूके 06 बीएल 2673 के चालक ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी और खुद भी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। मौके पर गुजर रहे आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया और बाईक को कब्जे में लिया। चिकित्सालय में घायल सिडकुलकर्मी आलेन्द्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाईक चालक युवक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है।

# वोट चोरी के विरोध में महिला कांग्रेस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

अल्मोड़ा ( उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को वोट चोरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। नगर के चौघानपाटा से महिला कांग्रेस ने अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी सलना पाल के नेतृत्व में शुरू हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह उत्तराखंड में वोट चोरी रोकने और राहुल



गांधी की इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर आगे आएं, ताकि लोकतंत्र की रक्षा हो सके। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में वोट चोरी का खुलासा कर चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करते हुए लाखों के तादात में वोट चोरी को सबूतों के साथ उजागर किया। यहां हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल शोभा जोशी, नगर अध्यक्ष दीपा साह, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, तारा जोशी, लता तिवारी, रजनी टम्टा, इंद्रा वर्मा, राधा, मीरा देवी, आशा भारती, फैजिन खान, तारा तिवारी, जया जोशी, प्रीति समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

# अनुमति के बिना पटाखे बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

रुद्रपुर ( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में बैठक लेते हुए दीपावली पर्व के अवसर पर बिना अनुमति के लगाये जाने वाली अतिशबाजी की दुकानों पर रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बिना मानक के पूर्ण किये लगाये जाने वाले आतिशबाजी की दुकानों से आगजनी की खतरा रहता है। इसलिए बाजारो, मोहल्लो का निरीक्षण कर बिना अनुमति के आतिशबाजी के दुकानों को बन्द कराने के निर्देश उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को दिये। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आतिशबाजी की दुकान लगाये जाने हेतु सुरक्षा के मानक पूर्ण करने के उपरांत की अनुमति दी जाये। उन्होने कहा कि यदि कही भी गली, मोहल्लों में बिना अनुमति के पटाखें विक्रय किये जा रहे है तो निरीक्षण कर चालान की कार्यवाही करते हुए बन्द कराया जाय। उन्होने उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर व्यापारियों के साथ बैठक कर आतिशबाजी की दुकानों हेतु अनुमति हेतु अवगत करा दिया जाये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, ओसी गौरव पाण्डेय उपस्थित थे व सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।



## पेज एक का शेष...

**बदरी केदार के दर्शन...**बदरीनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुकेश अंबानी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद शॉल ओढ़ाकर मुकेश अंबानी का अभिनंदन किया गया। गुरुकुल के छात्रों ने धाम पहुंचने पर मुकेश अंबानी का मंत्र उच्चारण से स्वागत किया।धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होने के बाद मुकेश अंबानी दोपहर बाद हेलिकॉप्टर के माध्यम से पुन: देहरादून लौटे और इसके बाद विशेष विमान से वापस रवाना हो गए। यात्रा पूरी तरह निजी रही, लेकिन तीर्थ स्थलों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुकेश अंबानी की यह धार्मिक यात्रा शांति और आध्यात्मिक अनुभव से जुड़ी रही।

**सुपरस्टार रजनीकांत ने रूद्रपुर में ...**ऋषिकेश से की, जहां वे स्वामी दयानंद आश्रम में रुके और गंगा आरती में भाग लेने के साथ-साथ ध्यान और साधना की। इस दौरान उन्होंने सादगी से सड़क किनारे पत्तल पर भोजन भी किया। इसके बाद वे बद्रीनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने वैकुंठ धाम के दर्शन किए। फिर वे अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट क्षेत्र में स्थित पांडवखोली की पर्वतीय चोटी पर पहुंचे। यहां स्थित महावतार बाबा की गुफा में उन्होंने गहन ध्यान साधना की। यह वही स्थल है जहां रजनीकांत वर्ष 2002 में पहली बार साधना के लिए आए थे, और तभी से उनका इस स्थान से गहरा जुड़ाव बन गया है। ऐसा माना जाता है कि पांडवखोली की गुफा में साधना के बाद रजनीकांत की कई फिल्मों को उल्लेखनीय सफलता मिली है। वर्ष 2019 में उन्होंने अपनी फिल्म 'दरबार' की सफलता के लिए भी यहीं साधना की थी, जबकि उनकी फिल्म 'काला' की सफलता के पीछे भी इसी आध्यात्मिक स्थल की भूमिका बताई जाती है। सरल जीवन और गहरी ईश्वरभक्ति के लिए प्रसिद्ध रजनीकांत अत्यंत सादगी से जीने में विश्वास रखते हैं। देवभूमि उत्तराखंड से उनका विशेष लगाव रहा है और यही कारण है कि वे समय-समय पर यहां आते रहते हैं।

**इस दीवाली..**एडजेस्टमेंट के तहत बढ़ोतरी लागू होगी।इसके तहत बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 6 पैसे, सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 17 पैसे, कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए 24 पैसे, सरकारी संस्थानों के लिए 23 पैसे, निजी ट्यूबवेल के लिए 7 पैसे, औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 23 पैसे, मिक्स्ड लोड के लिए 21 पैसे, रेलवे के लिए 21 पैसे, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों के लिए 21 पैसे, अस्थायी निर्माण के लिए 26 पैसे और कृषि गतिविधियों के लिए 12 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी होगी।

**तलाकशुदा को नौकरी..**हवस के कारण कई बार गर्भवती हुई। उसका बच्चा गिरा दिया जाता था। बीते 7 अगस्त को जब आरोपी को पता चला कि पीड़िता एक बार फिर तीन माह के गर्भ से है तो आरोपी द्वारा उसे एक बार फिर से गर्भपात कराने के नाम पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। भारी दबाव के कारण अपने पूर्व पति का नाम दर्ज कराकर पीड़िता ने जसपुर अड्डे के समीप स्थित एक निजी अस्पताल में गर्भपात कराया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बीते 19 सितंबर को दुष्कर्मी ने पीड़िता को जिम में बुलाकर मनमानी करने के बाद उसे दोस्तों के आगे परोसने की कोशिश की। यहीं पीड़िता के धैर्य का बांध टूट गया। उसने मान प्रतिष्ठा लोक लाज को ताक पर रखकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का फैसला लिया। उसने जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा काशीपुर के प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर डाक द्वारा प्रेषित कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इसके अलावा मामले की शिकायत वीरता द्वारा सीएम पोर्टल पर भी की गई है।

25.34 **ग्राम स्मैक सहित...**कब्जे से कुल 25.34 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तैसीम खान पुत्र हसीन खान निवासी बाईपास कॉलोनी वार्ड नंबर 12, कोतवाली सितारगंज, उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर के निर्देशन में की गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विक्रम सिंह धामी ने बताया कि वायरल वीडियो काफी पुराना है। इस अंतराल में पुलिस स्मैक तस्कर को कई बार गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए पुलिस सतर्क है, और ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय जनता से भी अपील की गई है कि नशे के खिलाफ इस जंग में पुलिस का साथ दें, ताकि उत्तराखण्ड को नशामुक्त प्रदेश बनाने का लक्ष्य सफल हो सके। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक पंकज कुमार चौकी प्रभारी सरकड़ा, सिपाही जगदीश लोहनी, सिपाही तरुण चौधरी शामिल रहे।

**नानकसागर डैम मे ...**ने तमंचा पानी में फेंक दिया। घटना की सूचना 112 पर मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष उमेश कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंच घटना की जानकारी ली। घायल को नानकमत्ता अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे हल्द्वानी के बाद गंभीर हालत में ऋषिकेश रैफर कर दिया। ग्रामीणों ने फायर करने वाले दोनों युवको को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने गुलजिन्द्र सिंह की तहरीर पर गाली गलौच जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले में अज्ञात के खिलाफद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के लोगो ने ग्राम प्रधान पति कुलविन्द्र सिंह नेतृत्व में थाने पहुंचकर फायर करने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

**हादसे में घायल...**चालक ने दोनों बच्चों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों भाईयों को उपचार के लिए निजी चिकित्यालय में भर्ती कराया गया। जहां मो. अलीशान ने देर सायं उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वह कक्षा 10 का छात्र था। अलीशान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# कार्बेट एफसी ने कुंडेश्वरी टीम को 4-1 से हराया

शक्तिफार्म ( उद संवाददाता)। नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में गुरुवार का दिन रोमांचक रहा। पहले मैच में कार्बेट एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुंडेश्वरी टीम को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में टैगोर नगर ने कड़े संघर्ष के बाद रवींद्र नगर को 4-2 से मात देकर अगला चरण लगभग पक्का कर लिया। पहले मुकाबले में कार्बेट एफसी की ओर से पीयूष ने मैच का पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। कुंडेश्वरी की ओर से मिले फ्री किक को संदीप नेगी ने गोल में तब्दील कर स्कोर बराबर किया। हालांकि, इसके बाद कार्बेट एफसी ने जोरदार वापसी की और लगातार हमले करते हुए विपक्षी रक्षा को छिन्न-भिन्न कर दिया। अंत में



कप्तान अनिमेष ने पेनाल्टी को गोल में बदलते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की। टीम के प्रांजल को उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में टैगोर नगर और रवींद्र नगर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें टैगोर नगर के विकास, धीरज, सुमित और अमन ने सटीक शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए विकास को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। मैच का शुभारंभ भाजपा नेता विश्वजीत हालदार, सूरज देवनाथ, आनंद मंडल और सुकुमार ने किया। मैच संचालन में अखिलेश मंडल मुख्य रेफरी रहे, जबकि अमित वैद्य और राहुल ने सहायक रेफरी की भूमिका निभाई। कमेट्री की जिम्मेदारी सव्यसाची हालदार और सुनील ने निभाई, वहीं सुजीत व दीपेन स्कोरर रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
तनुज तोमर
श्रद्धा रावत


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
एड.गौरव अग्रवाल
सुनैना अग्रवाल



करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विजय तोमर
कल्पना सिंह


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
विन्नी खन्ना
संजीव खन्ना


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
उमेश सिंह बिष्ट
रेखा बिष्ट


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
पूजा ग्रोवर
Wedding date 20.07.2003
शैलेन्द्र ग्रोवर


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अंकित अग्रवाल
खुशबू अग्रवाल


नरेश पाहुजा
निकिता पाहुजा
Pink studio store
Fancy hair accessories
& stationery


पति-पत्नी के प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
नरेश घई
नीरू घई


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक
बधाई
डा.ए.के.गुप्ता
मेदिनी गुप्ता
गुप्ता हेल्थ केयर एण्ड डायग्नोस्टिक्स,किच्छा


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
दर्शन कुमार कोली
मीनू कोली
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका,किच्छा
पूर्व ब्लाक अध्यक्ष,किच्छा


जनम-जनम का साथ है हमारा-तुम्हारा
डा.अमित संग बिन्दुवासिनी
परिणय तिथि-28.05.2006
इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट


करवाचौथ पर्व की हार्दिक बधाई
महेन्द्र पाल
गीता पाल


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
प्रियंका बाल्मीकि
नितिन चरन



करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
धर्मराज जायसवाल
भाजपा नेता,किच्छा
मंजू जायसवाल
पूर्व पालिकाध्यक्षा,किच्छा



पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
राजीव सक्सेना
रश्मि सक्सेना



पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
अनिल बत्रा
पूनम बत्रा


करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
शोभित शर्मा
पूर्व सभासद वार्ड नं.7, किच्छा
रश्मि शर्मा


सुख-दु:ख में हम-तुम, हर पल साथ निभाएंगे
एक जनम नही सातों जनम, पति-पत्नी बन आएंगे
करवा चौथ
के अति पावन पर्व पर
माताओं, बहनों व मित्रों को
सुखद दाम्पत्य जीवन की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक वर्मा
महामंत्री,भाजपा,गदरपुर एवं
अध्यक्ष,सर्राफा बाजार,गदरपुर
संग
अनन्या वर्मा
SGJ
श्री गुरु ज्वैलर्स
सर्राफा बाजार,गदरपुर
मो. 8057874000,9917731333


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
हिमांशु गाबा
पायल गाबा


सानिया गम्भीर
सीए अमित गम्भीर


इस जीवन में मुझे जो मिला
है तेरा साथ दुख सारे
मिट गए हुआ खुशियों
का आगमन
सुशील गाबा
शैली गाबा


करवाचौथ
पर्व की
हार्दिक
बधाई
सुधांशु गाबा
पलक गाबा


विशाल भुड्डी
मंजू भुड्डी


प्रीत ग्रोवर
ज्योति ग्रोवर
ब्लाक प्रमुख, गदरपुर


पति-पत्नी के
प्रेम के प्रतीक
करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
पारस चुघ
वृन्दा चुघ


पति-पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई
गुरमीत सिंह
नरेन्द्र कौर


रीना चौधरी
हरनाम चौधरी
C.A.


संजय ठुकराल
सिम्मी ठुकराल


करवाचौथ पर्व की
हार्दिक बधाई
आशु गम्भीर
पूजा गम्भीर


राजीव ग्रोवर
संगीता ग्रोवर


पंकज बांगा
नेहा बांगा


पति -पत्नी के प्रेम के
प्रतीक करवाचौथ पर्व
की हार्दिक बधाई